हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार 7 मार्च 2026

11 मुकदमा-गिरफ्तारी नहीं हुई तो ठप कर देंगे...

12 कायला में पेयजल संकट के चलते ग्रामीणों ने ...



### बंद गोभी, टमाटर, ककड़ी, चप्पन कद्दू की ग्रोथ रुकी, समय से पहले आई पैदावार

# सब्जियों पर गर्मी की मार, किसान पर आमदनी से ज्यादा लागत और आर्थिक संकट का भार

फिलहाल लगभग साढ़े तीन डिग्री सेल्सियस संतुलित तापमान से ज्यादा

राकेश भटठी : भिवानी

दिन प्रतिदिन तापमान में हो रही बढ़ोतरी से सब्जियों पर गर्मी की तगड़ी मार पड़ी हैं। प्रति एकड़ 35 से 40 हजार रुपये में ठेके पर जमीन लेकर बोने वाले किसान के सामने बहुत बड़ा आर्थिक संकट खड़ा हो गया हैं। फसल समय से पहले पक कर तैयार हो गई है, जिससे अब किसान को आर्थिक नुकसान होना लाजमी है।

गांव ढाणी हरसुख, रिवाड़ी खेड़ा, बामला, चांग, पालुवास व कालूवास में किसानों ने चप्पन कद्दू, ककड़ी, बंद गोभी व टमाटर आदि सब्जियां उगाई थी, जिससे उन्हें मोटा मुनाफा होने की उम्मीद थी, लेकिन तापमान की गड़बड़ी ने किसान की उम्मीद पर पानी फेर दिया हैं। उल्लेखनीय हैं कि धरती पुत्र पर हमेशा संकट के बादल मंडराते ही रहते हैं, कभी ठंड के मौसम में तापमान की गिरावट व पाला जमने से सब्जियों व फसलों में नुकसान हो जाता हैं तो कभी तापमान में बढ़ोतरी एवं गर्मी की वजह से किसान पर फसल बर्बादी की कगार पर पहुंच जाती हैं। क्षेत्र के गांव ढाणी हरसुख, रिवाड़ी खेड़ा, बामला, चांग, पालुवास व कालूवास में अनेक किसानों ने चप्पन कद्दू, ककड़ी, बंद गोभी व टमाटर आदि सब्जियां उगाई थी, लेकिन तापमान की गड़बड़ी की किसान की उम्मीद पर भारी पड़ गई और उसे आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा हैं। किसानों ने बताया कि 35 से 40 हजार रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से जमीन ठेके पर ली थी और इतने ही बीज, पानी, दवाई और मजदूरी पर खर्च हो गए। अब एकदम से मौसम की गर्माहट एवं तापमान की बढ़ोतरी से फसलों की ग्रोंथ रुक गई और फसल समय से पूर्व पककर तैया हो गई है। पैदावार कम होने के चलते किसानों को मोटा नुकसान होने की संभावना है।बढ़ती गर्मी ने किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा कर दिया हैं।

ढाणी हरसुख के किसान चेतराम सैनी ने बताया कि उसने एक एकड़ में चप्पल कद्दू की सब्जी लगाई थी, जिसके बीज, पानी व दवाइयों के अलावा नलाई व गुड़ाई की मजदूरी पर हजारों रुपये खर्च हुए हैं और अब तापमान ने सारा खेल खराब कर दिया हैं। वहीं रिवाड़ी खेड़ा के किसान जयभगवान ने बंद गोभी, रिवाड़ी खेड़ा के टीनू शेखावत ने टमाटर तथा बामला के किसान सूरजमल ने ककड़ी बो रखी हैं, जिसकी गर्मी के कारण बढ़वार रुक गई हैं और समय से पहले सब्जियां पककर तैयार हो गई हैं, जो नुकसान का कारण हैं।




भिवानी। गर्मी की वजह से झुलसी बंद गोभी और बेलों की नलाई करती महिला। फोटो : हरिभूमि

### तापमान संतुलन बनाने को फव्वारा सिंचाई करते रहें किसान : कृषि विशेषज्ञ

कृषि विशेषज्ञ डॉ. देवीलाल ने बताया कि दिन प्रतिदिन तापमान में हो रही बढ़ोतरी से सब्जियों में नुकसान हो रहा हैं। बढ़ते तापमान का गेहूं पर ज्यादा प्रभाव पड़ रहा है । फिलहाल लगभग साढ़े तीन डिग्री सेल्सियल संतुलित तापमान से ज्यादा हैं, जिससे गेहूं की फसल पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा हैं। किसान गेहूं व सब्जियों की फसल पर फव्वारा सिंचाई या हल्की सिंचाई करते रहे, ताकि वातावरण एवं तापमान ठीक एवं संतुलित बना रहे। शुक्रवार को भिवानी का अधिकतम तापमान 33 डिग्री व न्यूनतम 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और अभी बढ़ोरती ओर होने की संभावना हैं। तापमान के प्रभाव को कम करने के लिए फव्वारा सिंचाई सबसे उपयुक्त माध्यम हैं, जिससे फसलों व सब्जियों को बचाया जा सकता हैं।

### यशवंत सांगवान ने यूपीएससी में लहराया परचम

- दादा का सपना पूरा करने के लिए यशवंत आठ साल से लगातार मेहनत कर रहा है, चाचा को देखकर होता है गर्व



चरखी दादरी। अपने माता व पिता के साथ यूपीएससी में 391 वां रैंक हासिल करने वाले यशवंत।

चरखी दादरी। दादरी निवासी यशवंत सांगवान ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 391वां रैंक प्राप्त कर अपनी मेहनत और लगन का परिचय दिया है। इनके परीक्षा में बेहतरीन रैंक हासिल करने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल बना है। यशवंत सांगवान ने बताया कि वे भी बड़े लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत के साथ आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं का इस तरह से राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में सफलता प्राप्त करना पूरे दादरी जिले के लिए गर्व की बात है। 391वां रैंक हासिल करने वाले यशवंत के पिता संजय किसान है और माता गृहणी हैं। यशवंत सांगवान बोले दादाजी का सपना पूरा करने के लिए 8 साल लगातार लगे रहे यूपीएससी में रैंक पाने के लिए की कड़ी मेहनत की । समाज की सेवा करने का रोल अदा करने के लिए बनना चाहता था- आईएएस। उनके चाचा एसडीएम हैं जिन्हें देखकर उन्हें गर्व महसूस होता था मैं भी चाहता था कि एक सरकारी अधिकारी बनकर देश की सेवा करूं।

### हंसावास की बेटी सुनीता ने बढ़ाया क्षेत्र का मान



बाढ़ड़ा। हंसावास की बेटी सुनीता (टीना), पुत्री गुणपाल ने संघ लोक सेवा आयोग 2025 की परीक्षा में सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सुनीता की इस उपलब्धि से पूरे गांव व क्षेत्र में खुशी का माहौल है और ग्रामीणों ने इसे क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण बताया है। सुनीता ने उक्त परीक्षा में 958 वां रैंक हासिल किया है। विशेष बात यह है कि सुनीता ने अपनी स्कूल और कॉलेज की पढ़ाई सरकारी संस्थानों से पूरी की तथा बिना किसी कोचिंग के स्वयं अध्ययन के बल पर यह बड़ी सफलता प्राप्त की है। सुनीता के माता-पिता खेती-बाड़ी का कार्य करते हैं। ग्रामीणों ने कहा कि सुनीता की सफलता ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा है और इससे यह संदेश मिलता है कि मेहनत व दृढ़ निश्चय से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। गांव व क्षेत्र के लोगों ने सुनीता को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है ।

## खबर संक्षेप

### गांव बेरला में रक्तदान शिविर आठ को

भिवानी। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर गांव बेरला के मुख्य बस स्टैंड स्थित हॉस्पिटल में आठ मार्च को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर समाज में मातृशक्ति के सम्मान और मानव सेवा की भावना को समर्पित रहेगा। रक्तवीर राजेश सोनी व आरएस मेमोरियल हॉस्पिटल के डॉक्टर संदीप ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध करवाना और लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

### गांव भूंगला में विवाहिता की मौत, मामला दर्ज

लोहारू। भूंगला में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। पिता की शिकायत पर मृतका के पति व सास सहित तीन लोगों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके जांच कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में झज्जर जिला निवासी बलजीत ने बताया कि उसकी बेटी अन्नू का विवाह वर्ष 2019 में भूंगला निवासी युवक के साथ किया था। आरोप है कि विवाह के बाद से ससुराल पक्ष के लोग बेटी को परेशान करते थे। पीड़ित पिता ने ससुराल पक्ष के लोगों पर बेटी को परेशान करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मृतका के पति व सास सहित तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के हवाले कर दिया।



### रेलवे स्टेशन रोड पर ट्रैफिक पुलिस ने अभियान चलाकर 25 ऑटो व ई रिक्शा के काटे चालान

भिवानी। भिवानी रेलवे स्टेशन रोड पर ट्रैफिक पुलिस ने अभियान चलाया और यातायात नियमों की उल्लघंना करने वाले 25 से अधिक ई-रिक्शा व ऑटो चालकों के चालान काटे। जाम की शिकायतों पर ट्रैफिक पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की और रेलवे स्टेशन क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया।

ट्रैफिक पुलिस थाना प्रभारी संजय कुमार ने अव्यवस्थित खड़े ई-रिक्शा और ऑटो पर शिकंजा कसा। अनेक वाहनों के यातायात पुलिस ने चालान काटे। इस दौरान रेलवे यात्रियों को जाम से राहत दिलाने के लिए ट्रैफिक पुलिस पूरी तरह से सख्त हो गई हैं। कार्रवाई की सूचना पर ऑटो व ई-रिक्शा चालक एसोसिएशन के प्रधान मौके पर पहुंचे। उन्होंने एसोसिएशन की तरफ से मांग की कि ट्रैफिक पुलिस ने एक सप्ताह का अल्टीमेटम लिया। वहीं सुधार नहीं होने की स्थिति में जाम लगाने वालो ऑटो एवं ई रिक्शा चालकों पर दोबारा बड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### गडवा खरकड़ी में रात्रि ठहराव कार्यक्रम दस को

भिवानी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार लोगों से संवाद स्थापित करने की कड़ी में 10 मार्च को दोपहर बाद तीन बजे गांव गडवा खरकड़ी के सामुदायिक केंद्र में रात्रि ठहराव कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम में डीसी साहिल गुप्ता व एसएसपी सुमित कुमार नागरिकों की शिकायतें सुनेंगे। गांव का कोई भी नागरिक इस दिन अपनी समस्या जिला प्रशासन के समक्ष रख सकते हैं। नगराधीश अनिल कुमार ने बताया कि डीसी साहिल गुप्ता मंगलवार सांय 10 मार्च को जिला के गांव गडवा खरकड़ी के सामुदायिक केंद्र में ग्रामीणों से रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान संवाद करेंगे। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा अपनी-अपनी स्टॉल लगाकर जानकारी दी जाएगी।

## मदर अवॉर्ड में मनीषा ने जीता पहला इनाम

- विजेता माता को दो हजार रुपये प्रथम को 1200 द्वितीय को 800 रुपये की धनराशि तृतीय विजेता माता को डीबीटी के तहत दी जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

एसडीएम प्रदीप अहलावत के कुशल मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शुक्रवार को तोशाम में पीर बाबा वाली गली में स्थित आंगनवाड़ी केंद्र पर तोशाम-1 सर्कल स्तरीय बेस्ट मदर अवार्ड कार्यक्रम सुपरवाइजर कुसुम मलिक के नेतृत्व में आयोजित हुआ। इसमें मनीषा प्रथम, नीरू द्वितीय और सुषमा तृतीय स्थान पर रही। विजेता माता को दो हजार रुपये प्रथम को,1200 रुपये द्वितीय को, 800 रुपये की धनराशि तृतीय विजेता माता को डीबीटी के तहत दी जाएगी।

सर्कल स्तरीय कार्यक्रम में बेस्ट मदर रही माताओं को खंड स्तरीय कार्यक्रम में प्रतिभागी के रूप में शामिल किया जाएगा। वहीं खंड स्तरीय कार्यक्रम में बेस्ट मदर को जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रतिभागी के रूप में मौका मिलेगा। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में माताओं को पोषण पोटली भेंट की गई। महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर कुसुम मलिक ने बताया कि सरकार बेहतर पोषण के लिए विभिन्न कार्यक्रमों को संचालित करती है। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था में खान-पान का हमेशा ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने बताया कि जन्म से तुरंत बाद पहला दूध शिशु को उसकी मां का पिलाएं, घुट्टी नहीं दें। बच्चे को 6 माह तक मां का दूध ही पिलाएं। सुपरवाइजर मालिक ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था कि गर्भवती महिलाएं मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक रूप से मजबूत रहे। यह एक सांस्कृतिक रस्म होने के साथ-साथ, मां और गर्भस्थ शिशु दोनों के स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होती है। इस कार्यक्रम में एएनएम मंजू, आशा वर्कर मीनाक्षी, नर्स मंजू अनेक माताओं के साथ कार्यक्रम में शामिल हुई। इस अवसर पर आंगनवाड़ी वर्कर सहित विभिन्न महिलाएं उपस्थित रही।



तोशाम। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

## सीजेएम ने निरीक्षण के दौरान सुनीं कैदियों की समस्याएं

- गर्मी के मौसम में स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर चालिया के निर्देशानुसार सीजेएम कम सचिव पवन कुमार ने स्थानीय जिला कारागार भिवानी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल परिसर की विभिन्न व्यवस्थाओं का गहनता से निरीक्षण करते हुए कैदियों की समस्याएं भी सुनीं।

निरीक्षण के दौरान सीजेएम पवन कुमार ने बैरकों की साफ-सफाई, शौचालयों एवं स्नानघरों की स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए कैदियों के लिए स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने तथा आवश्यक राहत उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने जेल के रसोईघर का भी निरीक्षण किया। इसके अलावा जेल में स्थापित कानूनी सहायता क्लीनिक का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने कैदियों को निःशुल्क विधिक सहायता का लाभ लेने के लिए प्रेरित करते हुए बताया कि जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के माध्यम से पात्र बंदियों को मुफ्त वकील की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। सीजेएम ने विचाराधीन एवं सजायाफ्ता कैदियों से संवाद कर उनकी व्यक्तिगत समस्याएं सुनीं तथा संबंधित मामलों के समाधान की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। जेलों में बंद उन कैदियों के लिए मिशन मोड में कार्य किया जा रहा है, जो आर्थिक या सामाजिक कारणों से कानूनी सहायता प्राप्त नहीं कर पाते हैं। विधिक सेवा संस्थान ऐसे सभी बंदियों को त्वरित, निशुल्क एवं प्रभावी कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर एलएडीसी के सदस्य एवं जेल स्टाफ भी उपस्थित रहा।

### नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण

भिवानी। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर चालिया के निर्देशानुसार मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम)-कम-सचिव पवन कुमार ने वीरवार को भिवानी स्थित नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों और केंद्र में कार्यरत कर्मचारियों से संवाद कर व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। सीजेएम पवन कुमार ने नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती मरीजों से संवाद कर उनके अनुभव और उपचार संबंधी जानकारी ली। मरीजों ने सीजेएम को बताया कि नशे की लत ने किस प्रकार उनके जीवन को प्रभावित किया और परिवार व समाज से उन्हें दूर कर दिया। सीजेएम ने मरीजों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि नशे से मुक्ति केवल दवाइयों से नहीं बल्कि मजबूत इच्छाशक्ति और आत्मविश्वास से ही संभव है। उन्होंने चिकित्सकों व स्टाफ को मरीजों के साथ संवेदनशील व्यवहार बनाए रखने के निर्देश भी दिए।

टटिहरी गीत के दोहरे अर्थ वाले शब्दों पर जताई नाराजगी

## कई संगठनों ने एसडीएम कार्यालय में सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

हाल ही एक गायक कलाकार द्वारा जारी किए गीत टटिहरी में दोहरे अर्थ वाले शब्दों के प्रयोग एवं स्कूल ड्रेस में दिखाई गई छात्राओं व हरियाणा रोडवेज की बस के चित्रण के मामले में लोहारू में सामाजिक संगठनों के लोगों ने नाराजगी जाहिर की है। लोहारू समस्या समाधान सहित कई संगठनों के लोगों एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर उक्त गीत जांच कराने और आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की है। लोहारू समस्या समाधान सामाजिक संगठन और कई संगठनों के लोगों ने अपने ज्ञापन में कहा कि मनोरंजन और लोकप्रियता के नाम पर इस प्रकार की सामग्री को बढ़ावा देना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे समाज में गलत संदेश जाता है और युवाओं के बीच नकारात्मक मानसिकता को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि इस गीत के बोल और वीडियो की जांच की जाए, गीत में आपत्तिजनक सामग्री मिलने पर गीत पर प्रतिबंध लगाया जाए। ज्ञापन देने वालों में प्रदीप सैनी, अशोक आर्य, विजय गुरावा, सतबीर, सचिन, साहिल, इंद्र, सुमेर सिंह, सुरेश फरटिया आदि शामिल थे।



### पहली बार शिक्षा विभाग अप्रैल में करवाएगा सप्लीमेंटरी परीक्षा

# कक्षा पहली से पांचवीं तक के विद्यार्थी सुधार सकेंगे अंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

अब प्राइमरी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए राहत भरी खबर। शिक्षा बोर्ड की तर्ज पर शिक्षा विभाग भी अब होने वाली वार्षिक परीक्षाओं में असफल रहने वाले व कम अंकों वाले विद्यार्थियों को अंक बढाने का मौका देने जा रहा है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि अंक बढाने व असफल परीक्षार्थियों को दोबारा परीक्षा के लिए कोई फीस अदा करनी होगी,लेकिन यह जरूर है कि सप्लीमेंटरी परीक्षा के लिए शिक्षा विभाग ने अप्रैल माह में परीक्षा का आयोजन कराए जाने का शेडयूल जारी कर दिया है। सप्लीमेंटरी परीक्षा बाल वाटिका तीसरी में पढ़ने वाले बच्चे भी भाग ले सकेंगे। उक्त परीक्षा सुबह साढे आठ बजे शुरू होगी और 11 बजे तक आयोजित होगी।

**वार्षिक परीक्षाओं का शेडयूल:** मार्च में शिक्षा बोर्ड के साथ साथ परीक्षाओं के आयोजन को लेकर शिक्षा विभाग भी गंभीर हो गया है। शिक्षा विभाग ने बाल वाटिका थर्ड से लेकर तीसरी कक्षा तक के बच्चों की लिखित व मौखिक तौर पर परीक्षा का आयोजन कराए जाने का फैसला लिया है। शिक्षा विभाग ने परीक्षाओं के आयोजन का शेडयूल भेजकर 16 मार्च से 25 तक परीक्षाएं करवाने के निर्देश दिए हैं।

| तिथि | बाल वाटिका | पहली क्लास | दूसरी क्लास | तीसरी क्लास | चौथी क्लास | पांचवी क्लास |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 16 मार्च | बालवाटिका का पहला दिन | अग्रेंजी लिखित | गणित लिखित | हिंदी लिखित | ——— | ——— |
| 17 मार्च | बाल वाटिका का दूसरा दिन | अंग्रेजी मौखिक | गणित मौखिक | हिंदी मौखिक | ——— | ——— |
| 18 मार्च | ——— | गणित लिखित | हिंदी लिखित | अंग्रेजी लिखित | गणित | अंग्रेजी |
| 19 मार्च | ——— | गणित मौखिक | हिंदी मौखिक | अंग्रेजी मौखिक | अंग्रेजी | हिंदी |
| 20 मार्च | ——— | हिंदी लिखित | अंग्रेजी लिखित | गणित लिखित | ईवीएस | गणित |
| 24 मार्च | ——— | हिंदी मौखिक | अंग्रेजी मौखिक | गणित मौखिक | हिंदी | ईवीएस |
| 25 मार्च | ——— | ——— | ——— | ईवीएस | ——— | ——— |
| | किस दिन किस क्लास के विद्यार्थियों की होगी सप्लीमेंटरी परीक्षा | | | | | |
| तिथि | बाल वाटिका | पहली क्लास | दूसरी क्लास | तीसरी क्लास | चौथी क्लास | पांचवी क्लास |
| 20 अप्रैल | अंग्रेजी मौखिक | अंग्रेजी लिखित | गणित लिखित | गणित लिखित | अंग्रेजी | गणित |
| 21 अप्रैल | —————— | अंग्रेजी मौखिक | —————— | अंग्रेजी मौखिक | ————— | ————— |
| 22 अप्रैल | हिंदी मौखिक | गणित लिखित | हिंदी लिखित | अंग्रेजी लिखित | गणित | अंग्रेजी |
| 23 अप्रैल | —————— | —————— | हिंदी मौखिक | हिंदी लिखित | ————— | हिंदी |
| 24 अप्रैल | —————— | हिंदी लिखित | अंग्रेजी मौखिक | हिंदी मौखिक | ईवीएस | ————— |
| 25 अप्रैल | —————— | हिंदी मौखिक | अंग्रेजी लिखित | ईवीएस लिखित | हिंदी | ईवीएस |

Corrigendum
GREEN MEADOWS COLLEGE OF EDUCATION CHARKHI
RUN BY:-JANHIT EDUCATION SOCIETY
VPO CHARKHI TEHSIL AND DISTT CHARKHI DADRI
TO
REGISTERED
All Member
Sub: Notification of Election Schedule and Publication of List of Voters/Members of the society
All the members of Society are inform that the Members of the Green Meadows College of Education Charkhi Run by Janhit Education Society Vpo Charkhi Tehsil and Distt Charkhi Dadri will elect the Office bearers i.e. One President, One Vice-President, One General Secretary, One Treasurer and eleven executive members of the Governing Body of the Society.
The Governing Body of the Green Meadows College of Education Charkhi Run by Janhit Education Society Vpo Charkhi Tehsil and Distt Charkhi Dadri has finalized the list of members, entitled to vote, for Publication and schedule of election of the Governing Body, to be conducted, is as under -

| Sr. No. | Particulars | Date & time |
|---|---|---|
| 1. | Notification of Election and Publication of List of Members/Voters | 02.03.2026 |
| 2. | Filling of Nomination Papers | 11.03.2026 |
| 3. | Scrutiny of Nomination Papers | 14.03.2026 |
| 4. | Withdrawal of Nomination Papers | 16.03.2026 |
| 5. | Display of list of contesting candidates & allotment of election symbol | 18.03.2026 |
| 6. | Polling of Votes | 20.03.2026 |
| 7. | Counting of Votes and Declaration of results | 20.03.2026 |

President



# टॉक्सिक के पोस्टपोन होते ही 5 बड़ी फिल्मों का गड़बड़ाएगा रिलीज कैलेंडर!

**मुंबई।** बुधवार को यश की फिल्म टॉक्सिक के पोस्टपोन होने का ऐलान किया गया। इस साल हिंदी फिल्मों का रिलीज कैलेंडर पहले ही 'धुरंधर 2' की ईद पर रिलीज के कारण कई बार गड़बड़ा चुका है। इसकी वजह से वाईआईएफ की 'अल्फा' और सलमान खान की 'बैटल ऑफ गलवान', संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' जैसी कई फिल्मों की रिलीज आगे-पीछे टाली गई हैं। अब एक बार फिर चर्चा है कि 'टॉक्सिक' की रिलीज जून में होने के कारण समर सीजन में बॉलीवुड फिल्मों का रिलीज शेड्यूल एक बार फिर गड़बड़ा सकता है। जानकार कहते हैं कि फिल्म निर्माता अपनी फिल्म को किसी बड़ी फिल्म के दो हफ्ते पहले और तीन हफ्ते बाद तक रिलीज करने से बचते हैं। ऐसे में 'टॉक्सिक' की नई रिलीज डेट के कारण मई -जून में रिलीज होने वाली फिल्में 'पति पत्नी और वो', 'है जवानी तो इश्क होना है', इम्तियाज अली की अनाम फिल्म और 'वेलकम टु जंगल' पर असर पड़ सकता है।

लाइफ Style

# जान्हवी

## मां नहीं चाहती थीं बेटी फिल्मों में काम करें

जान्हवी कपूर की मां नहीं चाहती थीं कि बेटी इंडस्ट्री में कदम रखें। वह चाहती थीं कि उनकी बेटी डॉक्टर बनें। जान्हवी को अपने कॅरियर की शुरुआत में उस वक्त बड़े दुख का सामना करना पड़ा। फिल्मों में आने के लिए उन्हें पिता से मदद लेनी पड़ी। बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर का नाम सुनते ही हर किसी के दिमाग में उनकी मां श्रीदेवी की तस्वीर जरूर आती है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

जान्हवी ने अपनी मेहनत और लगन से खुद को इंडस्ट्री में साबित किया। उन्हें बचपन से ही एक्टिंग का बहुत शौक था लेकिन उनकी मां श्रीदेवी नहीं चाहती थीं कि वे फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखें। वह चाहती थीं कि जान्हवी पढ़ाई पूरी करें और डॉक्टर बनें। जान्हवी कपूर का जन्म 6 मार्च 1997 को मुंबई में हुआ। वे श्रीदेवी और बोनी कपूर की बड़ी बेटी हैं। उनका परिवार लंबे समय से फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ा है। उनके दादा सुरिंदर कपूर भी फिल्म निर्माता थे, और उनके चाचा अनिल कपूर और संजय कपूर भी फिल्मों में एक्टिव हैं। जान्हवी भी फिल्मों में आना चाहती थीं लेकिन श्रीदेवी उन्हें एक्टिंग से दूर रखना चाहती थीं। ट्विंकल खन्ना और काजोल के टॉक शो 'टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल' के एक एपिसोड में जान्हवी ने खुलासा किया था कि उनकी मां श्रीदेवी उन्हें एक्टिंग की दुनिया से दूर रखना चाहती थीं। उन्होंने बताया था कि उनकी मां श्रीदेवी कभी नहीं चाहती थीं कि मैं एक्टिंग करूं। जान्हवी ने इंटरव्यू में कहा, 'मां खुद एक एक्ट्रेस होने की वजह से मुझे लेकर काफी प्रोटेक्टिव थीं। वह काफी सख्त थीं। उन्हें लगता था कि मैं बहुत भोली हूं और मैं बॉलीवुड में सर्वाइव नहीं कर पाऊंगी। वह चाहती थीं कि मैं डॉक्टर बनूं। वह मुझसे कहतीं, 'मैं तुमको एक्ट्रेस बनते नहीं देखना चाहती।



## हॉलीवुड मसाला



# पुलिस ने किया गिरफ्तार जेल में कटी रात

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार ब्रिटनी स्पीयर्स को ड्रग्स और शराब के नशे के संदेह में गाड़ी चलाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। घटना 4 मार्च की है और अगले दिन सुबह उन्हें जेल से रिहा कर दिया गया। अब 4 मई को ब्रिटनी को कोर्ट में पेश किया जाएगा। यह घटना 4 मार्च की रात की है। तब ब्रिटनी स्पीयर्स कैलिफोर्निया के वेंचुरा काउंटी में कार चला रही थीं। कैलिफोर्निया हाइवे पेट्रोल ने बताया कि स्पीयर्स के खिलाफ पुलिस को सूचना दी गई थी कि वह अपनी बीएमडब्ल्यू कार को हाईवे पर तेज रफ्तार से लापरवाही से चला रही थीं। पुलिस ने रोका तो उन्हें ब्रिटनी पर नशे की हालत में गाड़ी चलाने का संदेह हुआ। पुलिस ने बताया कि घटना की जांच अभी जारी है और केमिकल टेस्ट के रिजल्ट आने बाकी हैं। मालूम हो कि जब ब्रिटनी स्पीयर्स को पुलिस ने रोका, तब वह अपनी काली बीएमडब्ल्यू 430i को अकेले ही चला रही थीं।




# माइकल का ट्रेलर जारी भतीजा करेगा डांसर का रोल

**लॉस एंजिल्स।** माइकल जैक्सन की बायोपिक 'माइकल' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। डांसर की जिंदगी पर आधारित फिल्म में भतीजे जाफर जैक्सन उनका किरदार निभा रहे हैं। दुनिया के सबसे बेहतरीन डांसर्स में से एक माइकल जैक्सन की जिंदगी पर एक फिल्म बनी है। इसका नाम है 'माइकल'। जल्द ही यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर काफी दमदार है। मेकर्स ने इसमें डांसर की जिंदगी के अहम पहलुओं को दिखाने की कोशिश की है। 2 मिनट 27 सेकंड के ट्रेलर में माइकल जैक्सन के बचपन से लेकर आखिर तक की कहानी दिखती है। शुरुआत में उनके करीबी उन्हें कुछ बड़ा करने के लिए प्रेरित करते हैं। जब वह मशहूर हो जाते हैं तो हर कोई उनका दीवाना बन जाता है। ट्रेलर में कुछ भावुक पल भी हैं। वह अपने परिवार से जुड़े हैं, जो उनका सपोर्ट करते हैं। ट्रेलर में माइकल जैक्सन के शानदार मूव्स देखने को मिलते हैं। इसमें उनके बीमार होने की झलक भी दिखाई गई है। इसमें उनका एक डायलॉग काफी दमदार है, जो इस तरह है 'संगीत दुनिया बदल सकता है।'



# ऑस्कर 2026 की प्रेजेंटर्स लिस्ट में शामिल हुईं प्रियंका

**मुंबई।** एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा इस बार 98वें अकादमी अवॉर्ड्स में प्रेजेंटेटर की भूमिका में दिखेंगी। उनके साथ अन्य कलाकार भी होंगे, जो स्टेज पर विनर्स को पुरस्कार देंगे। इसकी जानकारी उन्होंने खुद दी है। बॉलीवुड की 'देसी गर्ल' प्रियंका चोपड़ा जोनस हॉलीवुड में काफी समय से काम कर रही हैं। वहीं, 98वें अकादमी अवॉर्ड्स में वह पुरस्कार प्रदान करने वालीं प्रेजेंटेटर की लिस्ट में शामिल हो गई हैं। इस बात की पुष्टि एक्ट्रेस ने खुद सोशल मीडिया के जरिए की। प्रियंका चोपड़ा ने शुक्रवार को अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया। इसमें उनके नाम के साथ अन्य प्रेजेंटेटर के भी नाम शामिल हैं। प्रियंका ने इंस्टाग्राम पर लिखा, '2026 अकादमी अवॉर्ड्स।' एक्ट्रेस के साथ इस लिस्ट में रॉबर्ट डाउनी जूनियर, ऐनी हैथवे, विल अर्नेट, ग्वेनेथ पाल्ट्रो और पॉल मेस्कल जैसे बड़े नाम शामिल हैं।



# धुरंधर 2 का ट्रेलर आज होगा रिलीज....

**मुंबई।** रणवीर सिंह ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट के जरिए बताया है कि 'धुरंधर 2' का ट्रेलर अब 7 मार्च की सुबह 11:01 पर आउट होगा। 19 मार्च को थिएटर्स में पांच भाषाओं हिंदी, तेलुगू, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में आने वाली इस मूवी में हमजा अली मजारी के मिशन की आगे की कड़ी देखने को मिलेगी। रणवीर सिंह, अर्जुन रामपाल, आर माधवन, संजय दत्त स्टारर 'धुरंधरः द रिवेंज' को रिलीज होने में अब कुछ ही दिन बाकी हैं। मगर उसके पहले फैंस इसके ट्रेलर को देखने के लिए एक्साइटेड हैं। इस मूवी के पहले पार्ट ने दर्शकों पर अपना ऐसा जादू बिखेरा है कि वह सीक्वल के लिए एक-एक दिन उंगलियों पर गिन रहे हैं। टीजर से तो पब्लिक मायूस हुई थी। मगर ट्रेलर के लिए आंखें बिछाए बैठी थी। क्योंकि पहले ये होली पर रिलीज होना था। लेकिन नहीं आया।

## टीवी मसाला




# दमदार किरदार में नजर आईं दिव्या, जरूरी मुद्दे पर उठाया सवाल

**नई दिल्ली।** छह-एपिसोड वाली सीरीज 'चिरैया' का 20 मार्च को जियो हॉटस्टार पर प्रीमियर होगा। इसमें दिव्या दत्ता और संजय मिश्रा अहम किरदारों में हैं। कुछ कहानियां अजीब होती हैं, फिर भी जरूरी होती हैं। दिव्या दत्ता और संजय मिश्रा की अदाकारी वाली वेब सीरीज 'चिरैया' का ट्रेलर कुछ इसी तरह की कहानी बता रहा है। इसकी कहानी भारतीय समाज के सबसे संवेदनशील मुद्दों में से एक को दिखाती है। 1 मिनट 43 सेकेंड के ट्रेलर में यह बताने की कोशिश की गई है कि एक पति अपनी पत्नी के ऊपर अपना अधिकार समझता है और उसके साथ जबरदस्ती करता है। वह पति दिव्या दत्ता का भाई होता है। पत्नी अपनी परेशानी दिव्या दत्ता से बताती है। दिव्या दत्ता उसका साथ देती हैं। हालांकि दिव्या के पति (संजय मिश्रा) इस मामले में उनका साथ नहीं देते हैं। इसके बाद मामला अदालत में पहुंचता है। 'चिरैया' का ट्रेलर एक मैसेज देता है कि शादी का मतलब सहमति नहीं है। एक महिला की आवाज को समाज की परंपराओं से मिटाया नहीं जा सकता। अपनी इमोशनल कहानी के जरिए, शो वर्षों से चली आ रही मान्यताओं पर सवाल उठाता है। 'चिरैया' वेब सीरीज शशांत शाह के निर्देशन में बनी है। **SVF** एंटरटेनमेंट ने इसे बनाया है। इसमें दिव्या दत्ता के अलावा संजय मिश्रा, सिद्धार्थ शॉ, प्रसन्ना बिष्ट, फैसल राशिद, टीनू आनंद, सरिता जोशी जैसे कलाकार हैं। 'चिरैया' 20 मार्च को स्ट्रीम होगी।

## एस्पिरेंट्स सीजन 3 का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे पसंदीदा मनोरंजन प्लेटफॉर्म, प्राइम वीडियो ने शुक्रवार को अपनी मशहूर हिंदी ड्रामा सीरीज 'एस्पिरेंट्स' के तीसरे सीजन का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। द वायरल फीवर द्वारा निर्मित,




'एस्पिरेंट्स' सीजन 3 का निर्देशन दीपेश सुमित्रा जगदीश ने किया है। इस सीजन में नवीन कस्तूरिया, शिवांकित सिंह परिहार, अभिलाष थपलियाल, सन्नी हिंदुजा, नमिता दुबे और तेंगम सेलीन अपने पुराने किरदारों में वापसी कर रहे हैं, जबकि जतिन गोस्वामी इस बार टीम के नए सदस्य के रूप में जुड़े हैं। 'एस्पिरेंट्स' सीजन 3 का प्रीमियर 13 मार्च को विशेष रूप से प्राइम वीडियो पर भारत सहित दुनिया भर के 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में होगा। सीजन 3 के साथ, कहानी एक नए पड़ाव पर पहुंचती है जहाँ पुरानी महत्वाकांक्षाएं और वर्तमान की जिम्मेदारियां आपस में टकराती हैं। मुखर्जी नगर से शुरू हुई एक पुरानी प्रतिद्वंद्विता अब सत्ता के ऊंचे पदों पर फिर से सामने आती है।

# प्रकाश झा की पॉलिटिकल थ्रिलर संकल्प का ट्रेलर रिलीज, नाना करेंगे ओटीटी डेब्यू

**नई दिल्ली।** फिल्ममेकर प्रकाश झा एक नई सोशियो-पॉलिटिकल थ्रिलर, 'संकल्प' लेकर आ रहे हैं, जिसमें नाना पाटेकर, मोहम्मद जीशान अय्यूब, संजय कपूर, नीरज काबी, कुबरा सैत और क्रांति प्रकाश झा जैसे कलाकार हैं। शो का ट्रेलर गुरुवार को रिलीज किया गया। संकल्प 11 मार्च को अमेजन MX प्लेयर पर रिलीज होगी। मेकर्स के मुताबिक, संकल्प 'मॉडर्न इंडिया में पावर, बदला, आइडियोलॉजिकल वॉर, प्रोटीज, पॉलिटिक्स, करप्शन और ब्यूरोक्रेसी के मैकेनिक्स' को दिखाता है। संस्कार, सत्ता, समर्पण की थीम वाली तिकड़ी पर आधारित, टीजर में नाना पाटेकर को मात साब के रूप में दिखाया गया है, जो एक कमांडिंग मास्टर स्ट्रैटेजिस्ट हैं जिनकी मौजूदगी हर फ्रेम में छाई रहती है।



*संजय कपूर और नीरज काबी आइडियोलॉजिकल विरोध में खड़े हैं, उनके बीच टकराव आने वाले पावर स्ट्रगल की ओर इशारा करता है। एक प्रेस नोट में कहा गया है कि इस कहानी को और दिलचस्प बनाते हुए, मोहम्मद जीशान अय्यूब एक बहुत वफादार शिष्य का रोल निभा रहे हैं, जो अपने गुरु मात साब से इतनी गहरी वफादारी से बंधा है जितनी दिखती नहीं है। इस फिल्म से नाना पाटेकर अपना ओटीटी डेब्यू करने जा रहे हैं। इस बारे में नाना पाटेकर ने एक इंटरव्यू में बताया, 'मात साहब का रोल करना एक बहुत बड़ी सीख रही है और इसने मुझे एक नया डायमेंशन एक्सप्लोर करने के लिए मोटिवेट किया। यह एक ऐसा कैरेक्टर है जिसमें चुप्पी, टकराव और नतीजे भरे हुए हैं। प्रकाश झा के साथ दोबारा काम करना हमेशा खास होता है क्योंकि वह ऐसी कहानियां सुनाते हैं जो सब कुछ साफ नहीं करतीं।*

# ओटीटी पर मिलेगा मनोरंजन का तगड़ा डोज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

## सूबेदार से हैलो बच्चों तक, रिलीज होंगी ये सीरीज-फिल्में

होली के त्योहार के बाद वीकएंड भी आ गया है। त्योहार की थकान के बाद फुरसत के कुछ पल मिले हैं। आराम के बाद अगर घर बैठे ओटीटी पर कुछ देखने का मन हो तो इस बार की ओटीटी लिस्ट काफी दिलचस्प है। सिनेमाघरों में इन दिनों 'द केरल स्टोरी 2' और 'ओ रोमियो' जैसी फिल्में लगी हुई हैं। कुछ नई फिल्में रिलीज की कतार में हैं। मगर, बदलते मौसम और छुट्टी के दिन अगर घर से बाहर निकलने का मन नहीं है और घर बैठे ही ओटीटी पर कुछ बढ़िया सिनेमा देखना है तो इस बार कई शानदार ऑप्शन हैं।



### जब खुली किताब

पंकज कपूर और डिंपल कपाडिया अभिनीत फिल्म 'जब खुली किताब' भी शुक्रवार को ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है। यह जी5 पर स्ट्रीम हो रही है। इस फिल्म के निर्देशन की कमान सौरभ शुक्ला ने संभाली है। फिल्म 'जब खुली किताब' गोपाल और अनुसूया की कहानी है, जिनकी दशकों पुरानी शादी एक अचानक हुए खुलासे से हिल जाती है। जैसे-जैसे लंबे समय से छिपी सच्चाई सामने आती है, उनका परिवार भावनाओं के भंवर में फंस जाता है।

### सूबेदार

अनिल कपूर अभिनीत फिल्म सूबेदार ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है। आप वीकएंड पर इसे देख सकते हैं। इस फिल्म में अनिल कपूर का एक्शन अवतार देखने को मिलेगा। फिल्म में राधिका मदान, सौरभ शुक्ला, आदित्य रावल, मोना सिंह और फैसल मलिक भी हैं। 5 मार्च 2026 को यह फिल्म प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई।

### हैलो बच्चों

विनीत कुमार सिंह अभिनीत सीरीज 'हैलो बच्चों' 6 मार्च को ओटीटी पर आ चुकी है। यह वेब सीरीज फिजिक्सवाला अलख पांडे की जिंदगी पर आधारित है। 'हैलो बच्चों' नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है। इसमें विक्रम कोचर, गिरजा ओक गोडबोले, नमन जैन, सोनू कुमार यादव, अंशुल डोगरा और सतेंद्र सोनी जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।

## 24 कैरेट सोने की ड्रेस, 400 करोड़ का खर्च, 4 ऑस्कर्स जीत चुकी फिल्म

# वो फिल्म जिसे बनाते-बनाते कंगाल हुए मेकर्स, जल्दबाजी में हुई रिलीज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कुछ फिल्मों के नसीब में ही मुश्किलें होती हैं। फिल्म मेकिंग में इतनी रुकावटें आती हैं कि वे बनते-बनते रह जाती हैं और कुछ बनकर भी मेकर्स को कंगाल कर जाती हैं। 63 साल पहले एक ऐसी ही फिल्म आई थी जो हिट तो रही लेकिन डिजास्टर भी। सुनने में अजीब लग रहा होगा कि ऐसे कैसे हुआ कि कोई फिल्म हिट भी हो और डिजास्टर भी। मगर ऐसा था। साल 1963 में आई क्लियोपेट्रा इतिहास की पहली फिल्म है जो एक ही समय में हिट और डिजास्टर रही। यह फिल्म पर मेकर्स ने इतना पैसा खर्च कर दिया कि यह प्रोडक्शन दिवालिया होने के कगार पर आ गया।

### मेकर्स के पास पैसे हो गए थे खत्म

मैनक्यूविक्ज ने फिर से फिल्म को रीशूट किया। मेकर्स के पास पैसे खत्म हो गए थे और प्रोडक्शन हाउस दिवालिया होने की कगार पर खड़ा हो गया था। मैनक्यूविक्ज को थोड़ा और वक्त चाहिए था, ताकि वह अच्छे से कहानी को फिर से लिखे और बनाए। मगर पैसे इतने खत्म हो गए थे कि मेकर्स ने कहा कि इसे जल्दी खत्म करने के लिए कहा।



### सबसे ज्यादा थी एक्ट्रेस की फीस

मिस्र की रानी क्लियोपेट्रा VII पर आधारित हिस्टोरिकल ड्रामा क्लियोपेट्रा सबसे चर्चित फिल्म रही। इस फिल्म का निर्माण 20th सेंचुरी फॉक्स के बैनर तले किया गया था। इस फिल्म को बनाने में करीब 5 साल लगे। उस वक्त की सबसे कामयाब एक्ट्रेस एलिजाबेथ टेलर को फिल्म के लिए कास्ट किया गया था। इसके लिए उन्हें 1 मिलियन डॉलर (9.17 करोड़ रुपए करीब) फीस मिली थी।

### फिल्म से निकाले गए थे डायरेक्टर

इस फिल्म को बड़े लेवल पर बनाया जा रहा था। रूबेन मामौलियन फिल्म के डायरेक्टर थे। धीरे-धीरे काम हो रहा था, लेकिन काम आगे नहीं बढ़ रहा था, बढ़ रहा था तो सिर्फ फिल्म का बजट। आखिर में मामौलियन को हटाया गया और फिर डायरेक्शन की कमान जोसेफ एल मैनक्यूविक्ज ने संभाली। मामौलियन ने जितनी भी फिल्म की शूटिंग की, उसमें सिर्फ 10 मिनट का सीन ही इस्तेमाल करने लायक था।

### करोड़ों रुपए की पहनी ड्रेस

44 मिलियन डॉलर्स यानी करीब 400 करोड़ रुपए में क्लियोपेट्रा बनकर तैयार हुई। आपको जानकर हैरानी होगी कि फिल्म में लीड हीरोइन एलिजाबेथ टेलर का कॉस्ट्यूम का बजट 194,800 डॉलर (1.78 करोड़) था। फिल्म में एलिजाबेथ के कुल 65 कॉस्ट्यूम्स थे, जिसमें से एक 24 कैरेट सोने का था। फिल्म रिलीज हुई और इसने दुनियाभर में 57.7 मिलियन डॉलर (529.15 करोड़ रुपए) कमाए थे। इस फिल्म को काफी सराहा गया है और इसे आस्कर में 9 नॉमिनेशंस मिले। इस फिल्म ने बेस्ट कॉस्ट्यूम डिजाइन, बेस्ट विजुअल एफेक्ट्स समेत 4 ऑस्कर्स जीते थे।

## खबर संक्षेप

### डेटा संग्रह को सटीक बनाने की जानकारी दी

**भिवानी।** लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हाल में डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला में डिजिटल जनगणना-2027 के लिए डेटा संग्रह प्रक्रिया को सुचारू और सटीक बनाने की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यशाला में जनगणना प्रक्रिया, डेटा संग्रह विधियों और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उपयोग व सीएमएमएस पोर्टल के बारे में जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला में जनगणना विभाग चंडीगढ़ से सहायक निदेशक ओमप्रकाश, जिला जनगणना समन्वयक सनी बल्हारा व नीरज और जिला मास्टर ट्रेनर प्रोफेसर आनंद प्रकाश ने जानकारी दी।

### बुद्धिप्रकाश की याद में हुई श्रद्धांजलि सभा

**भिवानी।** पूर्व पार्षद स्वर्गीय बुद्धिप्रकाश शास्त्री की 19वीं पुण्यतिथि पर अपना घर आश्रम में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस मौके पर जरूरतमंदों को भोजन प्रसाद भी वितरित किया। कार्यक्रम में स्वर्गीय बुद्धप्रकाश शास्त्री के पुत्र सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर उमाकांत शास्त्री ने बताया की 19 वर्ष पूर्व उनके पिता बुद्धिप्रकाश शास्त्री, माता शकुंतला देवी व भाई राजेंद्र शर्मा, भाभी नीलम व भतीजी आरती शर्मा की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी।

### जाट आरक्षण को लेकर मलिक पर लगाए आरोप

**भिवानी।** जाट आरक्षण आंदोलन एक बार फिर चर्चा में है, इस बार वजह आंदोलन नहीं, बल्कि नेतृत्व पर उठ रहे गंभीर सवाल हैं। अखिल भारतीय जाट आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष यशपाल मलिक की कार्यप्रणाली और मंशा को कठघरे में खड़ा कर दिया है। संघर्ष समिति के जिलाध्यक्ष कुलदीप फौगाट ने आरोप लगाया है कि वर्ष 2016 में जाट आरक्षण केवल यशपाल मलिक के प्रपंच (साजिश) की वजह से नहीं मिल पाया। उन्होंने आरोप लगाया कि यशपाल मलिक ने जाट समुदाय के हितों के साथ धोखाधड़ी की, जिसका खामियाजा पूरा समाज भुगत रहा है।

### फरवरी में मिली शिकायतों में से 11 का समाधान किया

**भिवानी।** जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के पास फरवरी माह में मुख्यरूप से सीवरेज और पेयजल से संबंधित कुल 18 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें 11 शिकायतें सीवरेज और सात शिकायतें पेयजल से संबंधित रही। डीसी साहिल गुप्ता ने निर्देश पर विभाग ने सभी समस्याओं का त्वरित समाधान किया, जिससे लोगों को राहत मिली। समस्याओं का समाधान होने के साथ-साथ नागरिकों ने जिला प्रशासन और जनस्वास्थ्य विभाग का आभार प्रकट किया है।

### महिला उत्थान के लिए संस्थान में किया हवन

**भिवानी।** सेक्टर 13 स्थित चौधरी बंसीलाल राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। इस अवसर पर आदर्श महिला महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्या डॉ. माया यादव ने महिला सशक्तिकरण विषय पर विस्तार से विचार रखे। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों, शिक्षा और समाज में उनकी भूमिका पर जोर दिया।

### अधिकारी नए प्रारूप की एटीआर में ही कार्य करें


**चरखी दादरी।** डीसी डॉ मुनीश नागपाल की अध्यक्षता में समाधान शिविर समीक्षा बैठक आयोजित हुई। डीसी ने संबंधित अधिकारियों को लंबित जनसमस्याओं के शीघ्र समाधान को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वे लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करें तथा पोर्टल पर नए प्रारूप में एटीआर रिपोर्ट स्पष्ट रूप से अपलोड करें। उन्होंने निर्देश दिए की सभी अधिकारी नए प्रारूप की एटीआर में ही कार्य करें तथा पुनः खोली गई शिकायतों पर एमिनेंट पर्सन के हस्ताक्षर करवाने के बाद ही एटीआर अपलोड की जाएं।

## करनाल मामले को लेकर चिकित्सकों ने सौंपा ज्ञापन

# मुकदमा व गिरफ्तारी नहीं हुई तो ठप कर देंगे स्वास्थ्य सेवाएं

**पुलिस इंस्पेक्टर द्वारा डॉक्टर को थप्पड़ मारने व दुर्व्यवहार की चिंगारी सुलगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



**भिवानी।** कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

बीते दिवस करनाल में पुलिस इंस्पेक्टर द्वारा सरकारी डॉक्टर को थप्पड़ मारने व दुर्व्यवहार की चिंगारी शुक्रवार को भिवानी में भी सुलगी। पीड़ित चिकित्सक के पक्ष में भिवानी की मेडिकल एसोसिशन भी आ गई।

भिवानी एसोसिएशन ने आरोपी पुलिस अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर सीएमओ को ज्ञापन सौंपा। चिकित्सकों ने ज्ञापन के माध्यम से आरोपी के खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज करने की बाद गिरफ्तारी की मांग की। चिकित्सकों ने चेतावनी दी कि अगर आरोपी चिकित्सक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके गिरफ्तार नहीं किया जाता तो वे करनाल की तरह भिवानी की भी स्वास्थ्य सेवाएं ठप करने पर मजबूर होंगे। सीएमओ को ज्ञापन सौंपने से पहले मेडिकल एसो. भिवानी एचसीएमएस की महासचिव डा. नंदिनी लांबा व जिला प्रधान डा. नवीन घोष ने संयुक्त रूप से कहा : डॉक्टरों को कमजोर टारगेट ना समझे, एफआईआर नहीं हुई तो हैल्थ केयर सुविधाएं करनाल की तर्ज पर प्रदेश भर में बंद की जा सकती है। उन्होंने बताया कि होली के दिन हर कोई अपने घर पर रहकर बच्चों के साथ होली मना रहा था,लेकिन

■ **डॉक्टरों को कमजोर टारगेट ना समझे : डा. नंदिनी लांबा**

चिकित्सक इन सब खुशियों को छोड़कर अस्पताल में घायल लोगों का इलाज कर रहे थे। उन्होंने बताया कि जिस वक्त यह घटना घटी उस वक्त अस्पताल में घायल के साथ आए लोग शराब के नशे में थे और झगड़ा करने पर उतारू थे। चिकित्सक ने किसी अनहोनी होने से बचने के लिए पुलिस थाना प्रभारी को सूचना दी,लेकिन पुलिस अधिकारी ने मामले की जानकारी लिए बिना ही चिकित्सक के साथ मारपीट करनी आरंभ कर दी। चिकित्सक को भला व बुरा कहा। चिकित्सकों को जबरदस्ती गाड़ी में बैठाने लगा। जिससे यह साबित हो गया कि चिकित्सकों की कोई नहीं सुनता। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर आज शाम तक पुलिस अधिकारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज व गिरफ्तारी नहीं हुई तो वे कल से स्वास्थ्य सेवाएं ठप करने पर मजबूर होंगे।

# अमेरिकी समझौता देश के अन्नदाताओं को बर्बादी की ओर धकेलेगा : जोगेंद्र

■ **ग्राम स्वराज किसान मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन, 11 सूत्रीय मांगों को लेकर आर-पार की लड़ाई का आह्वान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



**भिवानी।** विरोध प्रदर्शन करते ग्राम स्वराज किसान मोर्चा के सदस्य।

हरियाणा में किसानों व मजदूरों के हितों को लेकर फिर सुगबुगाहट तेज हो गई है। ग्राम स्वराज किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को शहर में प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम उपायुक्त के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से संगठन ने प्रदेश के अन्नदाताओं और श्रमिक वर्ग की बदहाली का मुद्दा उठाते हुए सरकार से 11 प्रमुख मांगों पर तत्काल संज्ञान लेने की अपील की है। धरने का नेतृत्व मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र तालु ने किया तथा संचालन प्रदेश महासचिव रघुबीर भेरा व जिला सचिव जंगबीर अलखपुरा ने संयुक्त रूप से किया। तालु व लीगल सैल के प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता देवेंद्र ने कहा कि अमेरिकी कृषि टैरिफ समझौता रद्द किया जाए, क्योंकि समझैता देश के अन्नदाताओं को बर्बादी की ओर धकेलने का काम करेगा।

## आकांक्षा हाट के दूसरे दिन बहल में स्थानीय उत्पादों की रही धूम

■ **मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी रिशव रंजन ने स्टॉलों का अवलोकन किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहल

आकांक्षी खंड कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित आकांक्षा हाट के दूसरे दिन स्थानीय उत्पादों की धूम रही। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के सुशासन सहयोगी रिशव रंजन ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। शुक्रवार को हाट में पहुंचे मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी रिशव रंजन ने स्थानीय स्वयं सहायता समूहों , ग्रामीण उद्यमियों और विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों की हमें ब्रांडिंग करवानी है। उन्हें राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध करना है। इसलिए, बैंक और ऋण संस्थान स्वयं सहायता समूह के लोगों तक पहुंचकर उनको ऋण प्रदान करें ताकि स्थानीय उत्पादों को हम ब्रांड बना सके। उन्होंने कहा कि आकांक्षा हाट का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के उत्पादों को एक बेहतर मंच प्रदान करना तथा स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं और स्थानीय उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करते हैं बल्कि स्थानीय प्रतिभा और उत्पादों को बाजार से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम भी बनते हैं।

### बाल विवाह सामाजिक बुराई : रेनू सांगवान

**चरखी दादरी ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन जिला एवं सत्र न्यायाधीश गगनदीप कौर सिंह के दिशा निर्देश अनुसार एवं जिला मुख्य दंडाधिकारी संजीव काजला के मार्गदर्शन में रानीला स्थित राजकीय वमावि में बाल विवाह निषेध विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन पैनल अधिवक्ता रेनू सांगवान एवं अधिकार रक्षक रोहतास शर्मा ने किया। रेनू सांगवान ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि बाल विवाह न केवल सामाजिक बुराई है बल्कि यह बच्चों के जीवन, शिक्षा और उनके भविष्य के अधिकारों का भी हनन करता है। उन्होंने बताया विवाह के लिए बालक की न्यूनतम आयु 21 तथा बालिका की 18 वर्ष है।

# जाति का कॉलम जोड़ने को लेकर सौंपा ज्ञापन

■ **राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने किया 23 अप्रैल को भारत बंद का आह्वान, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी


**भिवानी।** मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) मोर्चा और भारत मुक्ति मोर्चा ने केंद्र सरकार के खिलाफ बड़े राष्ट्रव्यापी चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा कर दी है। संगठन ने जाति आधारित जनगणना, यूजीसी नियमों और शिक्षकों की पात्रता परीक्षा से जुड़े मुद्दों को लेकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के नाम एक ज्ञापन भेजा। इस आंदोलन का चरम 23 अप्रैल को प्रस्तावित भारत बंद के रूप में देखने को मिलेगा। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शुक्रवार को राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) मोर्चा और भारत मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारियों ने शहर में प्रदर्शन करते हुए लघु सचिवालय पहुंचकर वहां उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री के नाम मांगपत्र सौंपा। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला संयोजक दीपक जांगड़ा ने कहा कि जनगणना नोटिफिकेशन में ओबीसी की जातियों के लिए अलग कॉलम नहीं दिया गया है। यह ओबीसी समुदाय के साथ धोखाधड़ी है।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर रमेश दहिया प्रदेश उपाध्यक्ष भारत मुक्ति मोर्चा हरियाणा, राजीव सैणी जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा भिवानी, कृष्ण सांगा जिला संयोजक राष्ट्रीय पैनसनर संघ भिवानी, पुरुषोत्तम, रामकुमार जिला संयोजक भिवानी, मनोज उमरावत मीडिया प्रभारी भिवानी, डा. उमेद सिंह युवा अध्यक्ष बहुजन मुक्ति पार्टी हरियाणा, अनिल कुमार, किसान नेता जोगेंद्र तालु आदि मौजूद रहे।

# जिले की सड़कों को वाहन चालकों के लिए बनाया जाए सुरक्षित : उपायुक्त

■ **डीसी ने दिए स्ट्रीट लाइट, रोड मार्किंग व साइन बोर्ड दुरुस्त रखने के निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी



डीसी डॉ. मुनीश नागपाल ने कहा कि जिला की सभी सड़कों एवं राजमार्गों को वाहन चालकों के लिए सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक बनाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।

उन्होंने निर्देश दिए कि सड़कों पर सफेद व पीली पट्टियां, संकेतक बोर्ड, रिफ्लेक्टर एवं रोड मार्किंग सही अवस्था में होनी चाहिए। बीएंडआर, एनएचएआई, एनएच, एचएसआईडीसी, मार्केट कमेटी तथा नगर परिषद सहित सभी संबंधित विभाग अपनी-अपनी सड़कों की सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखें। डीसी डॉ मुनीश नागपाल लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी स्ट्रीट लाइटें कार्यशील अवस्था में रहें ताकि रात्रि के समय दुर्घटनाओं की संभावना कम हो सके। इस दौरान एसडीएम योगेश सैनी, आशीष सांगवान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।


**चरखीदादरी।** अवैध निर्माण गिराती जेसीबी मशीन। *फोटो : हरिभूमि*

### जिला योजनाकार विभाग ने अवैध निर्माण तोड़े

**चरखी दादरी ।** जिला नगर योजनाकार कार्यालय दादरी द्वारा अवैध निर्माण एवं अवैध कॉलोनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। इसी कड़ी में डीसी डॉ मुनीश नागपाल के निर्देशानुसार ड्यूटी मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की मौजूदगी में विभाग की टीम ने गाव घसोला मे दादरी महेंन्द्रगढ़ रोड पर एक अवैध कॉलोनी लगभग 1.53 एकड मे लगभग 4 डीपीसी एक अवैध निर्माण ओर दो बॉउन्ड्री वाल के अवैध निर्माण कार्य को जेसीबी से तोड़ा गया। इस दौरान जिला नगर योजनाकार नरेन्द्र कुमार ने लोगों को समझाते हुए कहा कि बिना विभागीय अनुमति किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें। उन्होंने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्लॉट या कॉलोनी में निवेश से पहले विभाग से जानकारी अवश्य प्राप्त करें तथा वैध अनुमति के बिना निर्माण कार्य न कराएं।

## 9 मार्च को ग्राम रामबास, सारंगपुर, कारी और मिसरी में ग्रामीणों को किया जाएगा जागरूक

■ **जल महोत्सव पखवाड़ा को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी



उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल की अध्यक्षता में लघु सचिवालय में 6 से 22 मार्च तक आयोजित होने वाले जल महोत्सव पखवाड़ा की आवश्यक तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की गई।

इस दौरान बताया गया कि जल शक्ति अभियान के अंतर्गत प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के लक्ष्य को पूरा करने के बाद अब ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति के रखरखाव एवं प्रबंधन में ग्राम पंचायतों की भूमिका को सशक्त किया जा रहा है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार राजु भूम्भक ने बताया कि जिले की सभी 167 ग्राम पंचायतों में 6 मार्च से 22 मार्च तक जल महोत्सव पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 9 मार्च को जल अर्पण दिवस पर ग्राम रामबास,सारंगपुर , कारी रूपा ,मिसरी मे कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पेयजल आपूर्ति व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सेल्फ हेल्प ग्रुप एवं पंप ऑपरेटरों को भी इस दौरान सम्मानित किया जाएगा।

## रामदास आठवले के राज्यसभा नामांकन पर खुशी की लहर

■ **आठवले ने हमेशा संसद में गंभीर मुद्दों को रखा : चौधरी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्र सरकार में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास आठवले को तीसरी बार राज्यसभा के लिए नामांकित किए जाने पर हरियाणा के भिवानी सहित देशभर में उनके समर्थकों के बीच भारी उत्साह है। गठबंधन सरकार द्वारा उन्हें फिर से उच्च सदन में भेजने के निर्णय को कार्यकर्ताओं ने अनुसूचित और पिछड़ों की आवाज को मजबूती देने वाला कदम बताया है। नामांकन की खबर मिलते ही शुक्रवार को भिवानी में आरपीआई कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने इकट्ठा होकर जश्न मनाया। स्थानीय नेताओं के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे का मुंह मीठा करवाया और लड्डू बांटकर खुशी का इजहार किया। समर्थकों ने रामदास आठवले जिंदाबाद और पीएम नरेंद्र मोदी-गृहमंत्री अमित शाह आभार के नारे लगाए। इस मौके पर आरपीआई के राष्ट्रीय सचिव कुंदन चौधरी व प्रदेश सचिव राजेश चौधरी ने कहा कि रामदास आठवले का तीसरी बार राज्यसभा जाना केवल पार्टी की जीत नहीं, बल्कि समाज के उस अंतिम व्यक्ति की जीत है, जिसकी आवाज वह संसद में उठाते रहे हैं।

## ईरान पर इजराइली-अमेरिकी हमले में मारे लोगों को श्रद्धांजलि दी

# जनवादी नौजवान सभा ने शहर में निकाला कैंडल मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



**भिवानी।** शहर में कैंडल मार्च निकालते जनवादी नौजवान सभा के सदस्य।

भारत की जनवादी नौजवान सभा भिवानी कमेटी के नेतृत्व में ईरान पर इजराइली व अमेरिकी हमले में मारे जा रहे नागरिकों, छात्राओं को श्रद्धाजंलि देने तथा युद्ध विराम करवाने में भारत सरकार का हस्तक्षेप करने की मांग को लेकर शहर में कैंडल मार्च निकाला तथा युद्ध विरोधी तथा शांति के पक्ष में नारे लगाए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत की जनवादी नौजवान सभा के जिला संयोजक अनुराग ने की। कैंडल मार्च को संबोधित करते हुए सीपीआई एम के जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश व रिटायर्ड कर्मचारी संघ के अखिल भारतीय सचिव मास्टर वजीर सिंह ने कहा कि ये बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि परमाणु मुद्दे को लेकर अमेरिका द्वारा ईरान के साथ बातचीत को छोडक़र इजराईल को उकसा कर 28 फरवरी को ईरान पर मिजाईलों से हमला कर दिया, जिसमें 150 से अधिक स्कूली छात्राओं, राष्ट्रपति, उसके परिवार, रक्षामंत्री व सेना के बड़े 40 उच्च अधिकारियों का कत्ल कर दिया।

**ये हुए शामिल**

कैंडल मार्च में विभिन्न जनसगठनों के नेता करतार ग्रेवाल, सुखदेव पालुवास, रामफल देशवाल, सज्जन कुमार सिंगला, रत्नकुमार जिंदल, नरेश शर्मा, राजबीर कादियान, बिमला घनघस, शुशीला सरोहा, उपासना सिंह, रामलाल गिरी, राममेहर सिंह, महेद्र तंवर, महेन्द्रपाल यादव, महेन्द्र मिताथल, प्रतापसिह सिंहमार, महाबीर फौजी व कंवर सिंह जांगड़ा आदि शामिल रहे।

**युद्ध बंद करवाएं**

उन्होंने कहा कि इससे पहले अमेरिकी सेना बैनेजुएला के राष्ट्रपति एवं उसकी पत्नी को उनके बैडरूम से उठा लाए तथा उन्हें अपनी जेल में डाल दिया तथा उनके सुरक्षा गार्डो की निर्मम हत्या कर दी। इजराइल व अमेरिका ये कार्यवाही स्वतंत्र देशों की संप्रभुता व अखंडता को समाप्त कर रही हैं तथा अंतरराष्ट्रीय न्यायालय व संयुक्त राष्ट्र संघ के कानूनों व नियमों का उल्लंघन करके दुनिया पर तानाशाही थोप रहे हैं तथा उनके राष्ट्रीय संसाधनों को हड़प रहे है, इसलिए दुनियाभर के स्वतंत्र देशों व उनकी जनता को इकटठा होकर इजराईल अमेरिका की दादागिरी व तानाशाही पर रोक लगवानी चाहिए। उन्होंने भारत सरकार से मांग की कि वह अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर युद्ध बंद करवाए तथा बातचीत व संवाद से समस्याओं के समाधान का माहौल पैदा करवाए, ताकि मानवता की हत्या व खून खराबा न हो। उन्होंने हिंद महासागर में अमेरिका द्वारा ईरान के समुन्द्री जहाज पर हमला करके 80 से अधिक नौसैनिकों की हत्या करने की घटना की कड़ी निंदा की। शहर में कैंडल मार्च नेहरू पार्क से घंटाघर चौक होते हुए सराय चौपटा, नया बाजार, हांसी गेट होता हुआ वापस नेहरू पार्क में पहुंचा।

**सूचना**

मै, ईश्वर पुत्र श्री रूघबीर पुत्र श्री कन्हीराम गांव मण्ढोली कलां जिला भिवानी हरियाणा का स्थाई निवासी हूं। मैने अपने नाबालिग पुत्र का नाम सेकंड बेबी आफ ज्योति रानी से बदलकर हर्षु रख लिया है।

**सरपंच ग्राम पंचायत, पिंजोखरा**
खण्ड तोशाम (जिला भिवानी) हरि.
मो. 9996560609

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है ग्राम पंचायत पिंजोखरा की एससी चौपाल व महिला चौपाल की कंडम बिल्डिंग व नायक चौपाल की कंडम बिल्डिंग के मैटिरियल की बोली दिनांक 10.03.2026 को प्रातः 11 बजे कम्युनिटी सेन्टर पिंजोखरा में करवाई जाएगी। बोली की शर्तें मौके पर बताई जाएंगी।

ग्राम सचिव
ग्राम पंचायत पिंजोखरा
Name - Mangal
Mob.-9518644081

सरपंच
ग्राम पंचायत पिंजोखरा
Name- Manju
Mob.-9996560609

## खबर संक्षेप



### मंडी प्रधान ने थाना प्रभारी को किया सम्मानित

**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा थाना प्रभारी के रूप में सुरेश कुमार ने अपना कार्यभार संभाल लिया। उनके कार्यग्रहण पर बवानीखेड़ा अनाजमंडी प्रधान सुखबीर भाकर, सुनील भाकर, संजय मिलखा, दीपांशु जांगड़ा, शमशेर सिंह आदि ने पहुंचकर थाना प्रभारी सुरेश कुमार को सम्मानित किया व उनके एरिया में कानून व्यवस्था बनाए रखने की भी अपील की। उन्होंने बताया कि कुछ एरिया में नशे ने अपनी जड़े जमाई हुई हैं जो युवा पीढ़ी के लिए खतरनाक साबित हो रही हैं, इन नशे की जड़ों को समाप्त करना जरूरी है। वहीं थाना प्रभारी सुरेश कुमार ने इस सम्मान के लिए सभी का आभार जताते हुए आश्वासन दिया कि उनके एरिया में कानून व्यवस्था दुरूस्त होगी और नशे पर अंकुश लगेगा और हर प्रकार की घटना पर उनकी टीम की पैनी नजर रहेगी।



### धनाना सीएचसी में शिविर में 60 यूनिट रक्त एकत्रित

**भिवानी।** गांव धनाना के सीएचसी परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में मुख्यतिथि सिविल सर्जन डॉ. रघुबीर शांडिल्य व विशिष्ट अतिथि डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. सुमन विश्वकर्मा ने शिरकत की। एसएमओ डॉ. नागेश महर्षि ने बताया कि शिविर में जाटू खाप 84 के प्रधान भीमसिंह, घणघस खाप के राष्ट्रीय प्रधान प्रेम धनाना, फूलमदे माता मंदिर के महंत, बाबा ब्राह्मचारी के महंत उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि रक्तदान शिविर में एआईआईएमएस बाढ़सा झज्जर की टीम ने लगभग 60 यूनिट रक्त एकत्रित किया। डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. सुमन ने कहा कि हमारे द्वारा किया रक्तदान किसी व्यक्ति का जीवनदान बन सकता है। इस अवसर पर डॉ. नसीब सांगवान, डॉ. राहुल सांगवान, डॉ. मिनाक्षी मलिक, डॉ. विनीत, डॉ. सोनिया, डीईओ प्रदीप आदि मौजूद रहे।

### सिंचाई एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों और सरकार से शीघ्र नहर में पानी छोड़ने की मांग की

# कायला में पेयजल संकट के चलते ग्रामीणों ने किया कड़ा विरोध प्रदर्शन



**भिवानी।** विरोध प्रदर्शन करते जनसंघर्ष समिति के सदस्य व ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- जनसंघर्ष समिति के नेतृत्व में ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

जनसंघर्ष समिति के नेतृत्व में कायला गांव के गुस्साए ग्रामीणों ने पीने का पानी नहीं आने पर सिंचाई एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों व सरकार के विरुद्ध प्रदर्शन किया, जिसकी अध्यक्षता गांव के किसान व मशहूर कलाकार बदलूराम योगी ने की। जनसंघर्ष समिति के संयोजक कामरेड ओमप्रकाश व सीटू नेता सुखदेव पालुवास ने कहा कि कायला में दादरी फीडर से सांगा माईनर के जरिये पीने व सिंचाई के लिए पानी आता है, दादरी फीडर में 40 दिन के बाद सिर्फ एक दिन पानी छोड़ा गया था। इसके बाद बंद हो गया और कायला गांव के टैंक में भी पानी नहीं है।

#### टैंकर से पानी लेने को हुए मजबूर

उन्होंने कहा कि नहर में पानी नहीं आने से कायला, बडाला, सांगा, उमरावत, बामला, फुलपुरा, नौरंगाबाद , धारेडू व मानहेरू गांव में भंयकर जल संकट है। इन गांवों में अन्डर ग्राउंड पीने का पानी अच्छा नहीं है, इसलिए लोगों को टैंकर मंगाकर बाहर से पानी मंगवाना पड़ता है, जो महंगा है। उन्होंने कहा कि अभी गर्मी शुरू हुई है और ऐसे ही हालात बने रहे तो भंयकर गर्मी में पीने के पानी का हाहाकार मच जाएगा। उन्होंने सिंचाई व जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों, राज्य सरकार व जनप्रतिनिधियों से मांग की कि उपरोक्त गांव के जल संकट को शीघ्र दूर करें, अन्यथा ग्रामीण उपायुक्त कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन प्रदर्शन व धरना देने पर मजबूर होंगे। प्रदर्शन में बदलूराम योगी, दया कौर, रोशनी, कमला देवी, बाला, राजू, मनोज, रामचद्र, बलवान, मांगेराम, वीरपाल पहलवान, रामनिवास, जयपाल, सुरेश, ईश्वर, ओमप्रकाश नम्बरदार, हरिपाल, किसान नेता रामफल देशवाल, करतार ग्रेवाल व मजदूर नेता राममेहर सिंह आदि शामिल रहे।

### एनएसयूआई ने विवि प्रशासन को दी चेतावनी

## सीबीएलयू में दूषित पानी के समाधान को लेकर एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन

- जल्द समाधान नहीं हुआ तो करेंगे प्रदर्शन
- शुद्ध पेयजल की बुनियादी आवश्यकता को भी पूरा करने में नाकाम सीबीएलयू : प्रधान

**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के प्रेमनगर स्थित परिसर में पिछले काफी समय से पीने के पानी और अन्य उपयोग के पानी की गुणवत्ता को लेकर छात्रों में भारी रोष है। समस्या को लेकर एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष मनजीत लांग्यान ने विश्वविद्यालय के कुलसचिव के नाम मांगपत्र सौंपकर जल्द पेयजल समस्या के समाधान की मांग उठाई है, ताकि गर्मी में विद्यार्थियों को पेयजल समस्या से दो-चार न होना पड़े। मांगपत्र सौंपते हुए एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष मनजीत ने कहा कि विवि के विभिन्न विभागों, कक्षाओं, प्रयोगशालाओं और सार्वजनिक स्थानों पर उपलब्ध करवाया जा रहा पानी पूरी तरह से दूषित और गंदा है।


**भिवानी।** रजिस्ट्रार को ज्ञापन सौंपते एनएसयूआई के सदस्य।

#### बीमारियों का खतरा

उन्होंने कहा कि वॉशरूम से लेकर पीने के पानी के नलों तक में मटमैला और अशुद्ध पानी आ रहा है, जिससे विवि परिसर में स्वास्थ्य संबंधी गंभीर बीमारियों के फैलने का खतरा पैदा हो गया है। लांग्यान ने कहा कि एक शैक्षणिक संस्थान में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता बुनियादी आवश्यकता है, लेकिन सीबीएलयू प्रशासन देश के भविष्य विद्यार्थियों की उस बुनियादी आवश्यकता को भी पूरा करने में नाकाम साबित हो रहा है।

### जिला सचिवालय में लगाया विशेष शिविर

## कुत्तों व अन्य जानवरों के काटने के मामलों पर की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



डीसी साहिल गुप्ता के निर्देशानुसार दयालु-2 योजना के तहत लघु सचिवालय परिसर में भिवानी खंड के पीड़ितों के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आवारा कुत्तों व अन्य जानवरों द्वारा काटने या नुकसान पहुंचाने के मामलों कुल 16 लोगों में से दस लोग पहुंचे, जिनके जरूरी दस्तावेज पूरे करवाए गए। इस दौरान लोगों को दयालु-2 योजना के तहत मिलने वाली सहायता व मुआवजे की जानकारी दी। शिविर के दौरान सहायक जिला सांख्यिकीय अधिकारी रणबीर सिंह ने बताया कि शिविर में आवारा कुत्तों व अन्य जानवरों के हमले से प्रभावित लोगों के आवेदन लिए गए और उन्हें आवश्यक दस्तावेज जमा कराने करवाने को कहा ताकि जल्द से जल्द सहायता प्रदान की जा सके। उन्होंने आमजन से अपील की गई कि यदि किसी व्यक्ति को आवारा कुत्तों या अन्य जानवरों द्वारा काटने या नुकसान पहुंचाने की घटना होती है तो वे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में उपचार करवाएं और संबंधित विभाग को सूचित करें।

#### इस प्रकार आयोजित होंगे दयालु-2 के लिए शिविर

नौ मार्च को बीडीपीओ कार्यालय बवानी खेड़ा में, दस मार्च को बीडीपीओ कार्यालय सिवानी में और 11 मार्च को बीडीपीओ कार्यालय तोशाम में शिविर आयोजित होंगे। इन शिविरों में आवेदकों द्वारा फार्म भरने के दौरान हुई गलतियों को दुरूस्त करवाया जाएगा। योजना से सम्बंधित दस्तावेज जैसे मेडिकल सर्टिफिकेट या इलाज के दस्तावेज का सत्यापन, मृत्यु प्रमाण पत्र, स्थायी विकलांगता प्रमाण पत्र, एफआईआर या डीडीआर आदि को मोके पर ही सत्यापित करवाकर ऑनलाइन पोर्टल भर अपलोड किया जाएगा।

#### इस प्रकार मिलता है दयालु -2 योजना

दयालु -2 योजना में कुत्ते के काटने के मामले में मुआवजे की राशि न्यूनतम 10 हजार रुपए प्रति दांत के निशान पर होगी और जहां मांस त्वचा से अलग हो गया है, कुत्ते के काटने के मामले में यह न्यूनतम 20 हजार रूपए प्रति 0.2 सेमी घाव पर होगी। इसी प्रकार से 12 वर्ष तक आयु के बच्चों के लिए एक लाख रुपए, 12 से 18 वर्ष के लिए दो लाख रुपए, 18-25 वर्ष के लिए तीन लाख, 25 से 45 वर्ष आयु तक के लिए पांच लाख रूपए, 45 वर्ष से अधिक वायु वाले के लिए तीन लाख रुपए आर्थिक सहायता देने का प्रावधान किया गया।

### किसानों को जैविक खेती अपनाने पर किया जागरूक

## उपमंडल क्षेत्र में बड़े बजट से अनाज और सब्जी मंडी की होगी स्थापना : कृष्ण

- अनाजमंडी में आयोजित हुआ किसान मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा



**बाढ़ड़ा।** उपमंडल कृषि कार्यक्रम को संबोधित करते किसान शीशराम धनखड़।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत कस्बे के जुई रोड़ अनाज मंडी में शुक्रवार को किसान मेले का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के अनेक किसानों ने भाग लिया। मेले में कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को आधुनिक व जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया तथा रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी। किसानों ने भाजपा सरकार व भाजपा जिला अध्यक्ष के खिलाफ नारेबाजी भी की। उपमंडल स्तरीय मेले में उपमंडल अधिकारी कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने सरकार द्वारा किसानों के लिए संचालित योजनाओं से अवगत करवाया और आत्मनिर्भर श्रेणी में लाने के लिए किसानों की मेहनत को सराहा। उनके प्रयासों से उपमंडल क्षेत्र में बड़े बजट से अनाज व सब्जी मंडियों की स्थापना की जा रही है, जो किसानों को प्लेटफार्म उपलब्ध करवाएगी।

## 14 एकड़ भूमि को मंडी में शामिल करने को लेकर अनाजमंडी प्रधान ने विधायक को लिखा पत्र

- अनाजमंडी में सुविधाओं के नाम पर दिखावा, छोटे बूथ काटने हों बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा


**बवानीखेड़ा।** अनाज मंडी में मीटिंग के दौरान उपस्थितजन। फोटो : हरिभूमि

बवानीखेड़ा अनाजमंडी में विकास करवाने को लेकर मंडी प्रधान सुखबीर भाकर, आढ़तियों, समाजसेवियों, किसानों की बैठक पश्चात विधायक कपूर वाल्मीकि को पत्र लिखकर विकास करवाने की अपील की गई। अनाजमंडी प्रधान सुखबीर भाकर ने अनाजमंडी के अंदर दो शैडो के नवीनीकण करवाने और इस मंडी के गेटों का भी नवीनीकरण करवाने की मांग रखी। विधायक के नाम लिखे मांगपत्र में बताया कि अनाजमंडी के अंदर जो सरकार द्वारा बूथ काटे जा रहे हैं जिन्हें छोटी दुकान का दर्जा दिया गया है वह तत्काल बंद किए जाएं। क्योंकि अनाजमंडी के अंदर इतनी जगह नहीं है। इसके अलावा अनाजमंडी के साथ लगती 14 एकड़ भूमि को अनाजमंडी में शामिल किया जाए ताकि किसान फसल को डालकर अपनी फसल को बचा सके।

#### होती है परेशानी

अनाजमंडी प्रधान सुखबीर भाकर ने बताया कि बीते माह हुई बैठक में उपप्रधान दिनेश तवंर, कुलदीप, अंकित, सुखबीर, का्, राजू, पितराम, माहित, कृष्णा, जगत, एमडी, प्रदीप, महेन्द्र, कश्मीर, मोनू, सुनील भाकर आदि एकत्रित हुए थे। उन्होंने विधायक को पत्र लिखकर मांग की थी की बवानीखेड़ा अनाज मंडी का दायरा कम है और फसल आने पश्चात धरतीपुत्रों की फसलें मिट्टी में मिलकर मिट्टी हो जाती है जिससे खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसलिए इसका दायरा बढ़ाया जाए। साथ लगती भूमि को पक्का करवाकर मंडी में शामिल किया जाए जिससे आढ़तियों व किसानों को राहत मिलेगी।

### वार्षिक परीक्षा की तैयारियों पर हुई चर्चा

## बच्चों की शिक्षा बेहतर बनाने को लेकर स्कूल निदेशक ने ली बैठक

**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा स्थित ग्रास रूट्स पब्लिक स्कूल निदेशक वीना रानी भ्याणा ने विद्यार्थियों के परिजनों संग बैठक की जिसमें शिक्षकों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बैठक का मुख्य उद्देश्य वार्षिक परीक्षाओं की तैयारी को लेकर रहा। ग्रास रूट्स पब्लिक स्कूल निदेशक वीना रानी भ्याणा ने बताया कि उनका विद्यालय शिक्षा व खेलों मे अपनी अलग पहचान बनाए हुए है जिसमें परिजनों व शिक्षको का अह्म योगदान है। उन्होंने बताया कि वार्षिक परीक्षाएं सिर पर आ गई है, बच्चों पर किसी प्रकार का भी दबाव न डाले। शिक्षक अपने अनुसार सलेब्स पूरा करवा चुके हैं और अब परीक्षा की तैयारी है। उन्होंने एहतियात बरतते हुए बताया कि बच्चों को मोबाइल से दूर रखे और घर में शांति का माहोल बनाए ताकि बच्चे पर गलत असर न पड़े। उन्होंने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बच्चे परीक्षा में बाजी मारकर अगली कक्षा में दाखिला लेंगे।


वीना रानी भ्याणा

### दीनदयाल स्पर्श योजना का आया रिजल्ट

## विकास उच्च विद्यालय के तीन छात्रों ने मेरिट में रहकर जीति स्कॉलरशिप

- यशवी, रिया और धर्मेंद्र ने जीते छह हजार रूपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


**भिवानी।** प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए।

डाक विभाग द्वारा आयोजित प्रतियोगिता परीक्षा दीनदयाल स्पर्श योजना 2025-26 का फाइनल रिजल्ट आउट हुआ। इसमें भिवानी, दादरी और महेंद्रगढ़ तीन जिलों के 11 विद्यार्थियों ने मेरिट में रहकर 6000-6000 की स्कॉलरशिप जीती है। विकास उच्च विद्यालय, राजगढ़ (भिवानी) के तीन विद्यार्थी यशवी सुपुत्री समेर सिंह छठी क्लास, रिया सुपुत्री सुनील कुमार नौंवी क्लास और धर्मेंद्र सिंह सुपुत्र हरस्वरूप सिंह ने मेरिट में रहकर 6000-6000 रुपये की स्कॉलरशिप जीती। पिछले साल भी इस विद्यालय के तीन विद्यार्थी मेरिट में रहे थे। मेरिट में रहने वाले विद्यार्थियों के पेरेंट्स ने विद्यालय में आकर अध्यापकों का धन्यवाद किया और सभी को मिठाई खिलाई। टीचर्स ने भी पेरेंट्स का धन्यवाद किया। इस प्रकार से स्कॉलरशिप जीतने पर विद्यालय में खुशी का माहौल था। स्कूल स्टाफ ने पुरस्कार पाने वाले इन विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### 30 वर्ष की आयु में 61 मिनट में पूरी की दौड़

## मास्टर बालकिशन ने दस किमी मैराथन में पाया पांचवां स्थान

**बाढ़ड़ा।** गांव द्वारका निवासी मास्टर बालकिशन जांगड़ा ने अलवर टाइगर मैराथन में रिकॉर्ड टाइम में दस किलोमीटर मराथन पूरी कर बेस्ट दस में जगह बनाई है। मैराथन वॉरियर्स ग्रुप के प्रभारी बालकिशन जांगड़ा ने बताया कि मैराथन केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मत्री भूपेंद्र सिंह यादव ने अलवर के इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित करवाई, जिसमें भारत के लगभग १८ हजार धावकों ने ४५ से ६० वर्ष आयु वर्ग की ५,१० तथा २१ किलो मीटर मैराथन में भाग लिया।

अंतरराष्ट्रीय मास्टर एथलीट एवं मैराथन धावक बालकिशन द्वारका ने ६० आयु वर्ग की दस किलोमीटर मैराथन ६१ मिनट में पूरी कर पांचवा स्थान व नकद इनाम प्राप्त किया है। बालकिशन पूर्व अर्थशास्त्र प्रवक्ता है। इन्होंने पहले भी दिल्ली द्वारका,रेवाड़ी मुख मंत्री मैराथन, माउंटआबू पहाड़ी मैराथन २१ किलोमीटर तथा वृन्दावन मैराथन जीतकर जिले का नाम रोशन किया है।


मास्टर बालकिशन जांगड़ा

### सिटी डिविजन के प्रांगण में हुई जिला स्तरीय बैठक

## बार-बार मांगों का एजेंडा देने के बावजूद भी नहीं हो रहे पेंशनर्स के कार्य: चावला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


**भिवानी।** हरियाणा बिजली पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की जिला स्तरीय बैठक में चर्चा करते पदाधिकारी व सदस्य। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा बिजली पेंशनर्ज वेलफेयर एसोसिएशन की जिला स्तरीय बैठक जिला प्रधान बालमुकंद बापोड़ा की अध्यक्षता में कार्यकारी अभियन्ता आपरेशन सिटी डिविजन प्रांगण में हुई। बैठक का संचालन जिला महासचिव आरके चावला ने किया। बैठक में निगम के अधिकारियों के प्रति रोष प्रकट किया और कहा कि बार-बार मांगों का एजेंडा देने के बावजूद भी पेंशनर्ज के कार्य नहीं हो रहे।

उन्होंने कार्यकारी अभियंता आपरेशन सिटी डिविजन एवं कार्यकारी अभियंता अर्धशहरी डिविजन से शीघ्र संपर्क कर पैंशनर्ज के रूके हुए कार्यों को करवाया जाएगा। बैठक में प्राप्त हुई पैंशनर्ज की शिकायतों को संबंधित अधिकारियों से समाधान कराया जाएगा। बैठक में बीडी भारद्वाज, रविन्द्र शर्मा, राजपाल सिंह चाहर, रामनिवास कौशिक, कपूरसिंह ग्रेवाल, कुलदीप आर्य, रामअवतार शर्मा, सतबीर सिंह, रामकुमार बाहल, सुरेश नागपाल, कृष्ण, दरिया सिंह मौजूद रहे।

### लोहारू, चरखी दादरी की ओर जाने वाले यात्रियों को हो रही परेशानी

## आरओबी का निर्माण जल्द पूरा करवाने की मांग पर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


**भिवानी।** मांग को लेकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपने जाते हुए। फोटो : हरिभूमि

पर्यावरण प्रहरी वैलफेयर सोसायटी के सदस्यों ने लोहारू रोड पर आरओबी का निर्माण कार्य जल्द पूरा करवाए जाने की मांग को लेकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। साथ ही प्रदर्शनकारियों ने आरओबी के साथ सर्विस रोड का निर्माण करवाए जाने की मांग की। इस पर उपायुक्त ने उनकी इन समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण कराए जाने भरोसा दिलाया। वैलफेयर सोसायटी के सदस्य एवं नगरपार्षद सुभाष तंवर व संदीप यादव ने संयुक्त रूप से बताया कि पिछले कई दिनों से लोहारू रोड पर बन रहे रेलवे ओवरब्रीज का निर्माण कार्य धीमी गति से चल रहा है। कम मजदूर लगाकर कार्य में देरी करवाई जा रही है। जिससे लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। पुल का निर्माण होने की वजह से लोहारू, चरखी दादरी की तरफ जाने वाले वाहनों के लिए केवल रेलवे फाटक ही बची है। जिस वक्त रेलवे लाइन से रेल गाड़ी गुजरती है तो उस वक्त फाटक को बंद करना पड़ता है। फाटक बंद होने से करीब आधे से पौने घंटे तक वाहनों को जाम में फंसा रहना पड़ता है। यह समस्या अधिकारियों के उपेक्षित रवैये के चलते बनी है। क्योंकि पुल के निर्माण कार्य में ढिलाई से यह समस्या बनी है।

#### तेजी लाने की मांग

पार्षदों ने उपायुक्त को सौंपे ज्ञापन में आरओबी के निर्माण कार्य में तेजी लाए जाने की मांग की। ताकि लोगों की समस्याओं का निराकरण हो सके। उन्होंने आरओबी के निर्माण की समय सीमा बताए जाने की मांग की। ताकि आमजन को भी इस बारे में पूरी जानकारी मिल सके। इस मौके पर रणधीर सिंह,राजेंद्र छपारिया, सुंदर सिंह, मुकेश कुमार, जोगीराम मेहरा, संदीप अग्रवाल,श्याम लाल शर्मा आदि मौजूद रहे।

#### रोजाना गुजरते हैं हजारों वाहन

भिवानी से चरखी दादरी, लोहारू की तरफ रोजाना हजारों वाहन उक्त फाटक से गुजरते है। इनके अलावा इतने ही वाहन इन जगहों से भिवानी की तरफ आ रहे है। बार बार फाटक बंद होने की वजह से वाहनों को घंटे घंटे सड़कों पर लाइनों में खड़ा होना पड़ रहा है। नतीजन इस कार्य से अनेक लोगों को जरूरी कार्य अटक रहे है। वाहन चालकों की समय की भी बर्बादी हो रही है। इस बारे में कई बार प्रशासनिक अधिकारियों को सूचित किया जा चुका है,लेकिन आज तक उनकी इन समस्या का कोई समाधान नहीं हो पाया है। जिससे शहर की जनता में जबरदस्त रोष व्याप्त है।